प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाले पांच सौ 94 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस वे का किया उद्घाटन : कहा– गंगा नदी की तरह विकासकी नई जीवनरेखा बनेगा यह एक्सप्रेस वे।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– राज्य में विकास को गति दे रहा है उन्नत बुनियादी ढांचा।
3. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का विशेष सत्र कल होगा आयोजित : महिला सशक्तिकरण विषय पर होगी चर्चा।

और

4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में आंधी बारिश से तापमान में गिरावट : मौसम विभाग ने कल के लिए जारी किया बारिश का यलो अलर्ट।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगा हजारों वर्षों से उत्तर प्रदेश की जीवनरेखा रही है, उस प्रकार यह एक्सप्रेस वे भी राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा। बाइट.....

*आज यूपी के एक्सप्रेस वे से भी ज्यादा रफ्तार अगर कहीं है तोयूपी के विकास की रफ्तार ही है। गंगा एक्सप्रेस वे करीब 600 किलोमीटर लंबापश्चिमी यूपी में मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा और बदायूं इनके आसपास के दूसरे जिले गंगा एक्सप्रेस वे इससे इन इलाकों के करोड़ों लोगों का जीवन बदलेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा देश की तीव्र प्रगति और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। गंगा नदी के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके आसपास से गुजरने वाले आधुनिक एक्सप्रेस–वे विकास की नई धमनियां बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के विकास को गति देने और भारत के उज्ज्वल भविष्य में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। बाइट.....

*गंगा एक्सप्रेस वे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है ये एनसीआर के ऐसी संभावनाओं को भी करीब लाएगा। गंगा एक्सप्रेस वे पर गाड़ियां तो दौड़ेगी ही इसके किनारे नए औद्योगिक अवसर विकसित होंगे। इसके लिए हरदोई जैसे दूसरे जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। अलग–अलग सेक्टर जैसे फार्मा टेक्सटाइल आदि के सर कलस्ट्रल विकसित होंगे, युवाओं के लिए रोजगार के लिए नए अवसर भी तैयार होंगे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक एक्सप्रेस वे वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार ने न केवल परियोजनाओं की आधारशिला रखी, बल्कि समय पर उनके पूरा होने और उद्घाटन को भी सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके महिलाओं के साथ

विश्वासघात करने के लिए समाजवादी पार्टी की आलोचना भी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के तहत राज्य में उन्नत बुनियादी ढांचा विकास को गति दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश के अंदर केवल यहां एक्सप्रेस सुबह हमारी दूरी को ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इन सभी पर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर वहां भी है और साथ–साथ उत्तर प्रदेश के अंदर इन एक्सप्रेस वे के माध्यम से अन्नदाताओं किसानों की उन्नति के ये एक्सप्रेस वे बने हैं, युवाओं के रोजगार के एक्सप्रेस वे बने हैं।*

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित गंगा एक्सप्रेस वे, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों को एक ही हाई–स्पीड कॉरिडोर से जोड़ेगा। यह राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेस वे होगा। इस एक्सप्रेस वे में शाहजहांपुर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी

एक हवाई पट्टी भी है, जो भारतीय वायु सेना के विमानों के आपातकालीन टेक–ऑफ और लैंडिंग में काम आएगी। यह एक्सप्रेस वे 12 जिलों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से होकर गुजरेगा। सभी जिलों में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। बदायूं में केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा की उपस्थिति में सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदायूं के विकास में गंगा एक्सप्रेस वे मील का पत्थर साबित हागा।

वहीं हरदोई के लोगों ने गंगा एक्सप्रेस वे को गेम चेंजर बताते हुए खुशी जाहिर की। एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के लिए लोगों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया। हरदोई के सत्यम तिवारी ने बताया कि इससे शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में नए रास्ते खुलेंगे। बाइट.....

*यहां के शिक्षा के क्षेत्र में जो नौजवान हमारे तैयारी करना चाहते हैं खास तौर से इलाहाबाद में जाकर या दिल्ली में जाकर इंजीनियरिंग वगैरह की बड़ी पढ़ाई करना चाहते हैं, उन लोगों के आवागमन के साधन बहुत सुगम हो जाएंगे। यहां से जो व्यापारिक क्षेत्र है चाहे दिल्ली ले जाना हो माल को, चाहे मेरठ साइड ले जाना हो तो दूरी कम होगी, लाभ मिलेगा*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन आज सुबह बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन किया और देश में सुख–समृद्धि की मंगल कामना की। दर्शन पूजन के बाद प्रधानमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद शिवभक्तों का अभिवादन किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की वजह से अयोध्या में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। बाइट.....

*यह नई अयोध्या है, त्रेता युग की याद दिला रही है और यही है डबल इंजन की ताकत लेकिन यह तभी हो पाया है जब एक साथ एक स्वर में सभी सनातन धर्मावलंबी बोल उठा था तब राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो पाया।*

——————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज मिर्जापुर स्थित विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी देवी

के दर्शन किए। पूजन के बाद उन्होंने विंध्य कॉरिडोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

———————

उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद में कल विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा। सत्र के दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर दोनों ही सदनों में चर्चा होगी। अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर अपनी बात रखेंगे। इसी क्रम में आज विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र की अध्यक्षता में परिषद की कार्य परामर्श दात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुइ।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत, विद्यार्थियों के अनिवार्य दाखिले को राष्ट्रीय मिशन बताते हुए बरकरार रखा है। न्यायालय ने कहा कि निजी गैर–सहायता प्राप्त संस्थानों सहित नजदीकी विद्यालय, पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी देरी के दाखिला देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। एक रिपोर्ट.....

*न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला ना देना, संविधान के अनुच्छेद 21–ए के तहत शिक्षाके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। न्यायालय ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत ऐसे विद्यार्थियों के लिए तय, 25 प्रतिशत आरक्षण में, सामाजिक संरचना को सकारात्मक रूप से बदलने और समानता की भावना को बढ़ावा देने की*

*क्षमता है। सर्वोच्च न्यायालय ने लखनऊ के एक निजी स्कूल की याचिका को खारिज कर दिया। स्कूल ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत पात्र एक छात्रा को प्रवेश देने से इनकार किया था। उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए, पीठ ने कहा कि विद्यालय, सरकारी अधिकारियों द्वारा लिए गए पात्रता निर्णयों पर सवाल नहीं उठा सकते और ना ही उन्हें, रद्द कर सकते। न्यायालय ने कहा कि एक बार राज्य द्वारा चयनित विद्यार्थियों की सूची भेजे जाने के बाद, विद्यालयों के पास प्रवेश देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। समाचार कक्ष से फरहत नाज।*

———————————

**राजधानी लखनऊ और आसपास के ज़िलों में हल्की बारिश और तेज़ हवाओं ने गर्मी से राहत दी है। गोरखपुर, कौशाम्बी और जौनपुर में तेज़ आंधी व भदोही और संतकबीरनगर में गरज चमक के साथ बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के लिए कल गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है।**

**(समाप्त)**